# STLL Sindhu Trade Links Limited

Regd. Office : 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035

Ref. No. STLL/BSE/2020-21/35 Dated 08/02/2021

To

The Manager (Listing),
**B.S.E. Ltd.**
Floor 25, P.J Towers,
Dalal Street,
Mumbai- 400001

**Sub: Sindhu Trade Links Limited**
**Scrip Code: 532029**
**Publication of Advance Notice under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Sir,

In compliance with regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are hereby enclosing copies of newspaper Hari Bhoomi (Hindi) & Financial Express (English) for advance notice of the Board Meeting.

Please take the same on your record for the Company.

Thanking You,

Yours Faithfully,
For **Sindhu Trade Links Limited**

SINDHU TRADE LINKS LIMITED

(Company Secretary)
Company Secretary/Compliance Officer

Corporate office : 16A, 3rd Floor, Shivaji Marg, Moti Nagar, New Delhi-110015
Telephone: 011-47634400, E-mail: corporatecompliance@sindhutrade.com
Fax: 011-47634423, Website: www.sindhutrade.com, CIN No. : L63020DL1992PLC121695

## पुलिस को आरोपियों के फोन से मिले हिंसा के वीडियो

# 26 जनवरी पर उपद्रव करने वाले तीन और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ आरोपियों के पास से बाइक, स्कूटी और मोबाइल फोन बरामद

26 जनवरी को हुई हिंसा के मामले में नॉर्थ जिले के एसआईटी टीम ने तीन आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के नाम हरपाल सिंह उर्फ जॉनी (32), हरजीत सिंह उर्फ लक्की (48) और धर्मेंद्र सिंह उर्फ काले (55) है। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल बाइक व स्कूटी और इनके मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। सूत्रों का कहना है कि पुलिस को आरोपियों के फोन से हिंसा के कई वीडियो भी मिले हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 26 जनवरी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हिंसा हुई थी। जब सिंघु बॉर्डर से किसानों ने लाल किले की ओर कूच किया तो पुलिस टीम ने बैरिकेडिंग कर उन्हें बुराड़ी फ्लाईओवर के पास रोकने की कोशिश की। इस पर वह उग्र हो गए और उन्होंने पुलिस टीम के अलावा अन्य अर्द्धसैनिक बलों के जवानों पर भी हमला किया। हमले में अर्द्धसैनिक बल के असिस्टेंट कमांडेंट समेत कुल 30 पुलिसकर्मी जख्मी हुए थे। इसके बाद बुराड़ी थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बलवा करने, पुलिसकर्मियों पर हमला करने के अलावा कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। आरोपियों को पकड़ने के लिए डीसीपी अंटो अल्फोंस ने तीन एसीपी समेत कई एसएचओ व अन्य स्टाफ की एक एसआईटी गठित की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज व वीडियो के जरिए कुछ उपद्रवियों की पहचान की। इसके बाद टीम ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी हरपाल को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी श्याम नगर, दिल्ली का रहने वाला है। वहीं हरजीत और धर्मेंद्र सिंह को भी उनके घर से दबोचा। दोनों आरोपी भी दिल्ली के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से बरामद फोन से टीम को अहम सुराग हाथ लगे। पुलिस बाकी आरोपियों की पहचान कर उनकी भी तलाश में जुटी है।

## बिजली का फर्जी मीटर लगाने वाला पकड़ पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ज्योति नगर थाना इलाके में बीएसईएस कर्मचारी बनकर फर्जी बिजली का मीटर लगाने वाले एक आरोपी को पीड़ित ने पकड़ लिया। बाद में लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपी का नाम जय भगवान (52) है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि मीटर लगाने के बहाने वह कई लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सगीर खान (51), न्यू कर्दमपुरी, ज्योति नगर इलाके में सपरिवार रहता हैं। उसका जींस का कारोबार हैं। सगीर खान के अनुसार, करीब तीन माह पूर्व उसने अपनी फैक्ट्री में बिजली का मीटर लगाने के लिए अप्लाई किया था। इसी दौरान उसकी मुलाकात जय भगवान से हुई थी। जय भगवान ने खुद को बीएसईएस कर्मचारी बताया और बिजली का मीटर लगवाने की बात कही। इस पर वह जय भगवान के झांसे में आ गया और मीटर के लिए सभी दस्तावेज उसे दे दिए। इसी बीच सगीर खान ने अपनी पड़ोसी महिला नूरजहां के यहां भी मीटर लगवाने के लिए दस्तावेज दिए। उन्होंने जय भगवान को 70 हजार रुपये दे दिए। करीब डेढ़ माह पहले जय भगवान कुछ लोगों के साथ उनके घर आया और उनके मीटर लगवा दिए। इसी बीच दो फरवरी को बीएसईएस के कर्मचारी जांच के लिए पहुंचे। जांच के दौरान उन्होंने बताया कि दोनों मीटर फर्जी हैं। इसके बाद सगीर ने आरोपी की तलाश की और शुक्रवार को उसे पकड़ लिया।

# एयरपोर्ट पर सामान से कारतूसों के मिलने का सिलसिला जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ महिला समेत दो लोगों के बैग से मिले कारतूस

एयरपोर्ट पर चैकिंग के दौरान यात्रियों के सामान से कारतूसों के मिलने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को भी दो यात्रियों के सामान से कारतूस मिलें। इनमें एक महिला यात्री शामिल है। इनके नाम एम एस यादव और मिस वर्मा बताया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर लिया है।

आईजीआई डीसीपी राजीव रंजन के अनुसार दिल्ली पुलिस लगातार लोगों से विज्ञापनों के जरिये भी अपील करती रहती है कि अपने सामान को अच्छी तरह से चैक कर ही एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बावजूद शुक्रवार को चैकिंग के दौरान लेवल 2, टर्मिनल 3 पर एम एस यादव नामक यात्री के सामान से .32 बोर के 11 कारतूस निकलें। यह यात्री दिल्ली से इंडिगो की फ्लाइट नंबर 6ई-8246 से मालदीव जा रहा था। पूछताछ में यात्री ने बताया कि कारतूस उसके लाइसेंसी हथियार के है। उसने लाइसेंस भी दिखाया, लेकिन वह लाइसेंस केवल हरियाणा में मान्य था। इसके चलते आईजीआई पुलिस ने आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। इसी प्रकार से मिस वर्मा दिल्ली से गोवा एयर एशिया की फ्लाईट पकड़ने पहुंची थी। जांच में टर्मिनल 3 पर ही उनके सामान से एक कारतूस बरामद हुआ। इस बारे में वह न ही कोई संतोषजनक जवाब दे पाई और न ही कोई दस्तावेज प्रस्तुत कर पाई। इसे लेकर भी केस दर्ज किया है। डीसीपी रंजन के अनुसार इस साल आईजीआई पर ऐसे 13 मामले सामने आ चुके हैं। गत वर्ष इस प्रकार के मामलों की संख्या 66 थी। पुलिस का कहना है कि यह एक गैर जमानती अपराध है। पुलिस सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों से यात्रा से पहले अपने सामान की चैकिंग करने की अपील कर रही है लेकिन इसके बावजूद भी इस प्रकार के केस सामने आ रहे हैं।

## पार्क में जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी पूर्वी जिले की हजरत निजामुद्दीन पुलिस ने पार्क में जुआ खेलते चार लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इनके नाम यूनिस, मोहम्मद कलाम, मुकीम अहमद और शकील अहमद बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से करीब 13 हजार रुपये नकदी भी बरामद की है। जुआरियों के पास से चार पर्ची, एक रजिस्टर और एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान इनके बारे में जानकारी मिली थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस भूरा शाह दरगाह, डीडीए पार्क पहुंची तो जानकारी सही पाई गई। पुलिस ने जुआ खेलते चार लोगों को रंगे हाथ दबोच लिया।

## ड्रग्स के साथ तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल है। तीसरा आरोपी नाइजीरियाई नागरिक है। इनके पास से आठ किलो हेरोइन और एक किलो कोकीन बरामद हुई है। इस ड्रग्स रैकेट की एक महिला तस्कर सहित कुल पांच लोगों को एनसीबी पहले गिरफ्तार कर चुकी है। यह गिरफ्तारी गत वर्ष दिसंबर महीने में हुई थी। इस बार गिरफ्तार की गई दोनों महिलाएं यूगांडा की रहने वाली है और चचेरी बहन है। इनकी निशानेदही पर नाइजीरियाई तस्कर को भी पकड़ा गया।

# कारोबारी पर जानलेवा हमला, साढ़े तीन लाख लूट बदमाश हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ शास्त्री पार्क इलाके की घटना

■ तीन लाख 50 हजार रुपये लेकर भागे बदमाश



शास्त्री पार्क में थाना इलाके में शुक्रवार देर रात लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने एक कारोबारी के सिर पर लोहे नुमा चीज से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी कारोबारी से तीन लाख 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल कारोबारी का नाम चांद (34) है। पुलिस ने चांद की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, चांद, लोनी, गाजियाबाद में सपरिवार रहता हैं। उसका शास्त्री पार्क इलाके में मुर्गा फार्म हैं। शुक्रवार रात करीब 12:15 बजे वह मुर्गा फार्म के बाहर खड़ा था। इसी दौरान दो बाइक सवार बदमाश वहां आए। इसके बाद वह चांद से हालचाल पूछने लगे और कहने लगे कि तुम्हारा मुर्गे का कारोबार अच्छा चल रहा है। इससे पहले वह कुछ समझ पाता, आरोपी उससे उसका जैकेट मांगने लगे। इस पर उसने जैकेट देने से मना कर दिया तो वह उससे जैकेट जबरदस्ती छीनने लगे। विरोध करने पर मारपीट की और लोहे नुमा चीज से सिर पर मार दिया। चांद के घायल होने पर जैकेट लेकर भाग गए। जैकेट में तीन लाख 50 हजार रुपये रखे थे। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले दो दबोचे

**हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।** पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने आनंद विहार बस अड्डे के बाहर हथियारों के बल पर लूट करने वाले दो बदमाशों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी के नाम इमरान और फैसल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से पिस्टल, कारतूस व चाकू बरामद किए हैं। पुलिस की माने तो दोनों आरोपियों पर 18 अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (ईस्ट)दीपक यादव ने बताया कि शुक्रवार देर रात आनंद विहार बस अड्डे के बाहर दो बदमाशों के आने की सूचना मिली। पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनके पास से देसी पिस्टल, कारतूस व चाकू मिलें।

**मनीष सिसोदिया के गुजरात दौरे को लेकर साधा निशाना**

## दिल्ली के अस्पतालों की बदतर हालात सुधारे केजरीवाल सरकार : अनिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ.अनिल कुमार ने शनिवार को कहा कि आप पार्टी नेता गुजरात के अस्पतालों की आलोचना कर रहे है जबकि दिल्ली के अस्पताल खुद बीमार पड़े है। उन्होंने उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के गुजरात दौरे के बाद वहां के अस्पतालों की आलोचना करने पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अस्पतालों विशेष तौर पर विशिष्ट कोविड अस्पतालों की स्थिति भी बदतर ही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री दिल्ली की समस्याओं को अपने हाल पर छोड़कर दूसरे चुनावी राज्यों में अपनी राजनीतिक जमीन तलाशने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि राजधानी के सरकारी अस्पतालों में मौजूदा हालत बदतर हो गई है। चौ.अनिल ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ोत्तरी के लिए स्वीच दिल्ली अभियान चलाया, परंतु कई घोषणाओं के बावजूद 7 वर्षों में एक भी इलेक्ट्रिक बस को डीटीसी बेड़े में नही जोड़ सके।

उन्होंने दिल्ली सरकार के इलेक्ट्रिक वाहनों को पेश करने के निर्णय का मजाक उड़ाते हुए कहा कि, वर्तमान वर्ष जनवरी में उच्चतम वायु प्रदूषण पिछले वर्ष से ज्यादा खराब रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली सरकार के पास प्रदूषण रोकने के लिए रटा रटाया बहाना कि डीटीसी बसों के बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहनों को जोड़ा जाएगा, जबकि दिल्लीवासी पिछले सात वर्षों आम आदमी पार्टी के ऐसे खोखले वायदों को सुन रहे हैं।

## विकासोन्मुख आम बजट के लिए लोगों ने पीएम व वित्त मंत्री का जताया आभार : बिधूड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कोरोना महासंकट के समय में देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाले वित्त वर्ष 2021-22 के शानदार आम बजट के लिए बाहरी दिल्ली जिला भाजपा कार्यकारिणी की शनिवार को किराड़ी में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा की गई और उनका हार्दिक आभार भी व्यक्त किया गया। सभी पार्टी कार्यकतार्ओं ने हाथ उठाकर बजट प्रस्तावों का अनुमोदन किया। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी कार्यकतार्ओं को आम बजट की खूबियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यह एक विकासोन्मुखी और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने वाला बजट है।

उन्होंने कहा कि बजट में देश के ढांचागत विकास, कृषि और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। यह बजट देश के चहुमुंखी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करेगा। बैठक को जिला भाजपा अध्यक्ष बजरंग शुक्ला व प्रभारी अशोक ठाकुर ने भी संबोधित किया।

# कोविड-19 : दिल्ली में अब तक एक लाख से अधिक लोगों को लगाया गया टीका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत लोगों को टीका लगाने का आंकड़ा शनिवार को एक लाख से अधिक हो गया जिनमें अधिकतर स्वास्थ्यकर्मी हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में शुक्रवार को 9,200 से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों को कोविड-19 टीका लगाया गया था।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब तक एक लाख से अधिक लोगों को कोविड-19 टीका लगाया जा चुका है। अग्रिम मोर्चे के कर्मचारियों के टीकाकरण की भी शुरूआत की गई है। अधिकारियों ने कहा कि विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी आगे आए और उन्होंने टीका लगवाकर उदाहरण पेश किया। साथ ही कई पुलिसकर्मी भी टीका लगवाने के लिए आगे आए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासकों को टीके की सुरक्षा और प्रभाव को लेकर आम जनता में विश्वास जगाने की आवश्यकता है। टीकाकरण अभियान के तीसरे सप्ताह में शुक्रवार को दिल्ली में 9,200 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड-19 के टीके लगाए गए थे। सूत्रों ने बताया था कि अब अग्रिम मोर्चे के कर्मियों के लिए भी शनिवार से टीकाकरण शुरू हो जाएगा। उनमें पुलिस, नागरिक सुरक्षा कर्मी, जल बोर्ड और बिजली विभाग के कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि साथ ही, अब सप्ताह में छह दिन यानी सोमवार से लेकर शनिवार तक टीकाकरण कार्यक्रम चल रहा है, जबकि पहले सिर्फ चार दिन- सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार और शनिवार को ही टीके लगाए जाते थे। टीकाकरण अभियान 16 जनवरी से शुरू होने के बाद अभियान की गति बीच में धीमी पड़ गई थी, लेकिन पिछले कई दिनों से रफ्तार बढ़ रही है। अधिकारियों ने कहा कि पांच फरवरी को टीकाकरण की लक्षित संख्या 18,400 थी, लेकिन 9216 लोगों को ही टीके लगाए गए, जो लक्षित संख्या का करीब 50 प्रतिशत है।

## पिछले 24 घंटे में दिल्ली में कोरोना के 123 नए मामले, 4 मौत

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** दिल्ली में कोरोना संक्रमण के नए मामले लगातार घटते जा रहे हैं। शनिवार को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में 123 नए मामले सामने आए और 4 की मौत हुई है। वहीं,151 मरीज ठीक हुए है। रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में 6,35,916 लोग संक्रमित हुए है। इनमें 6,23,865 ठीक हो चुके हैं। कोरोना के कारण अब तक 10,877 लोगों की मौत हो चुकी है। अभी दिल्ली में 1174 एक्टिव केस है। इनमें से 471 होम आईसोलेशन में है। रिपोर्ट के अनसुार पिछले 24 घंटे में 63,322 लोगों की जांच की गई। इनमें 39,543 लोगों की आरटीपीसीआर और 23,779 लोगों की रैपिड एंटीजन टेस्ट की जांच की गई। दिल्ली में अब तक 1,10,90,914 लोगों की कोरोना सैंपल की जांच की जा चुकी है।

**सुनो सरकार...**



टिकरी बॉर्डर से अपनी आवाज बुलंद करते किसान।

**मुस्तैद...**



लाल किले की सुरक्षा में तैनात जवान।

**IST LIMITED**
CIN: L33301HR1976PLC008316
Regd. Office: Dharuhera Industrial Complex, Delhi- Jaipur Highway No.8, Kapriwas, Dharuhera, Rewari (Haryana)-123106
Head Office: A – 23, New Office Complex, 2nd Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024
Phone No.: 011-24694291-92
Fax: 011-24625694;
Email: istgroup.ho@gmail.com
website: www.istindia.com

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29, 33 and 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Saturday, 13th February, 2021, *inter alia* to consider, approve and take on record the Un-audited Financial Results of the Company for the quarter ended 31st December, 2020.
Notice for the Board Meeting is also available on the website of the Company www.istindia.com and also on the website of BSE limited www.bseindia.com

For IST Limited
Sd/-
Bhupinder Kumar
Company Secretary
Date : 06.02.2021
Place: New Delhi

**SINDHU TRADE LINKS LIMITED**
Regd. Office: 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035
CIN: L63020DL1992PLC121695

**NOTICE**

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the meeting of the Board of Directors of the Company will be convened on **Saturday, 13th February, 2021 at 04.00 P.M.,** to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended on 31st December, 2020.
Further the Trading Window for dealing in the shares of the Company by Designated Persons and their connected persons is closed from January 1st, 2021 till 48 hours after declaration of Unaudited financial results for the quarter ended on December, 31st, 2020 by the Board of Directors of the Company
This said information is also available on the Company's website at www.sindhutrade.com and may also be available on the website of the stock exchange at www.bseindia.com.

By the order of the Board
For Sindhu Trade Links Limited
Sd/-
Satya Pal Sindhu
Managing Director
Place: New Delhi
Date: 06.02.2021

**साइबर सेल टीम ने गिरोह के चार लोगों को किया गिरफ्तार**

# फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश, नौकरी के नाम पर करते थे ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ 14 मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, दो लैपटॉप, सात सिम कार्ड व अन्य सामान बरामद

■ आरोपी कई सोशल साइड पर देते थे कंपनी का विज्ञापन

नॉर्थ-वेस्ट जिले की साइबर सेल टीम ने फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने गिरोह के चार लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के नाम राजा राजपूत (23), इंद्र नाथ (25), रमेश यादव (23) और साजन (24) है। सभी आरोपी दिल्ली के रहने वाले है। पुलिस की माने तो आरोपी जॉब दिलाने के नाम पर बेरोजगार लोगों के साथ ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 14 मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, दो लैपटॉप, सात सिम कार्ड और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ-वेस्ट) उषा रंगनानी ने बताया कि साइबर सेल टीम को ऑनलाइन शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता शाहिल ने बताया कि उसे पास एक फोन आया था। कॉलर ने खुद को बजाज मोटर कंपनी का एग्जीक्यूटिव बताया। कॉलर ने उसे कंपनी में जॉब के लिए बुलाया और 275 रुपये रजिस्ट्रेशन के नाम पर जमा कराने के लिए कहा। इस पर शाहिल ने फोन पे एप्प से रुपये जमा करा दिए। इसी तरह कॉलर ने शाहिल से 2200 रुपये ड्रेस और 5500 रुपये सिक्योरिटी के नाम बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक में जमा करा लिए। इसके बाद शाहिल को इंटरव्यू के लिए फर्जी कॉल आया। इतना ही नहीं आरोपियों ने शाहिल को ई-मेल के जरिए ऑफर लेटर भी भेजा। पीड़ित शाहिल ने आरोपियों से कंपनी ज्वांइन करने के बारे में पूछा तो वह बहाने बनाने लगे। इसके बाद आरोपियों ने उसके फोन के जबाव देने भी बंद कर दिए। बाद में उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई। जांच के दौरान पुलिस ने सीडीआर और सीएएफ की मदद से आरोपियों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। पुलिस को आरोपियों की लोकेशन बादली इलाके में मिली। टीम ने उनके ऑफिस पर रेड डाल उन्हें पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोनी राजा ने पुलिस को बताया कि उसने अपने सहयोगी रमेश यादव और राहुल के संग मिलकर आठ महीने पहले यह कॉल सेंटर खोला था। बाद में वह बेरोजगार लोगों को जॉब देने के नाम पर ठगी करने लगे। वे शाइन डॉट कॉम और फेसबुक पर भी देशभर की विभिन्न लॉकेशन पर इस कंपनी में जॉब संबंधी विज्ञापन देते थे।

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नामः अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, पताः अज्ञात, जोकि दिनांक 03.02.2021 को रात 10:56 बजे आर.एम.एल. अस्पताल कैजूअल्टी, नई दिल्ली में अचेत अवस्था में पाया गया।** इलाज के दौरान डॉक्टरों नें उसे मृत घोषित कर दिया। मृत शरीर को आर.एम.एल अस्पताल, नई दिल्ली के मुर्दाघर में पहचान के लिए रखा गया है। इस सन्दर्भ में **DD No. 45A, dated 03.02.2021** पुलिस थाना, नॉर्थ एवन्यू, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

**नामः अज्ञात, उम्रः करीब 30 वर्ष, कदः 5'8", रंगः सांवला, चेहराः लम्बा, शरीरः मजबूत, बालः काले, पहनावाः हल्के नीले रंग की शर्ट और काली पैन्ट।**

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली,
फोनः 011-23093040, 23093294
DP/218/NDD/21